PRINT

# नवोदय (Navodaya)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 135825 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 15.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 10 | क्रम सं. (Serial No.) 5 |

## CISF के डीजी ने एथलीटों को किया सम्मानित



नई दिल्ली,14 जुलाई(नवोदय टाइम्स): अमरीका के बर्मिंघम में संपन्न विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में सीआईएसएफ पदक विजेताओं से मुख्यालय में बल के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने मुलाकात कर उनको सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में बल के एथलीटों ने रिकॉर्ड 159 पदक जीते, जो बल के इतिहास में अब तक का सर्वोच्च प्रदर्शन है। ये पदक अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और अखिल भारतीय पुलिस खेल आयोजनों में शानदार प्रदर्शन का परिणाम हैं।

पहली बार मुख्यालय में दिन-प्रतिदिन की निगरानी और प्रगति की बेहतर निगरानी के लिए एक एआईजी-स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया है। पहली बार एक पूर्ण पर्वतारोहण दल का गठन भी किया जा रहा है, जो 2026 तक माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का प्रयास करेगा। अब बल ने अपना अब तक का सबसे बड़ा खेल भर्ती अभियान भी शुरू किया है, जिसके माध्यम से 433 प्रतिभावान प्रतिभाओं की भर्ती की जाएगी, जिनमें से 229 महिलाएँ होंगी। यह अभियान 7 जुलाई 2025 से शुरू होकर 29 जुलाई 2025 तक देश भर के 14 चयन केंद्रों पर चलेगा।